हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 6 जनवरी 2024

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 कुश्ती में पहलवानों के दाव पेंच और श्रीरामलीला...



06 जिला खनिज अधिकारी, सहायक खनिज ...



## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2950 | 2950 |
| गेहूं 1544 | 2260 | 2260 |
| चना | 4800 | 5400 |
| मसूर | 5322 | 6026 |
| सोयाबीन | 3200 | 4811 |
| सरसों | 4650 | 5800 |
| धान | 2100 | 4201 |

## खबर संक्षेप

### मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन आज

**विदिशा।** मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन आज किया जाएगा। आज से ही दावे एवं आपत्तियां प्राप्ति किए जाएंगे। जिसकी अंतिम तारीख 22 जनवरी है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जनवरी माह की 13 एवं 20 तारीख को विशेष अभियान के तहत कैंपों का आयोजन कर मतदाताओं के नाम जोड़े जाने का कार्य किया जाएगा। अभियान अवधि के दौरान प्राप्त दावे आपत्तियों का निराकरण शुक्रवार दो फरवरी को किया जाएगा। मापदंडों की जांच करना और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्ति संबंधी कार्य 6 फरवरी तक पूर्ण किया जाएगा। इसके पश्चात मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन गुरूवार आठ फरवरी को किया जाएगा।

### जिला टॉस्क फोर्स व अंर्तविभागीय बैठक आज

**विदिशा।** जिला टॉस्क फोर्स तथा अंर्तविभागीय बैठक का आयोजन शनिवार को कलेक्टेट के बेतवा सभागार कक्ष में दोपहर 1 बजे से आयोजित की गई है। कलेक्टर उमाशंकर भार्गव की अध्यक्षता में आयोजित जिला टॉस्क फोर्स की बैठक में विभिन्न विभागों के माध्यम से जलवायु से होने वाली मानव स्वास्थ्य पर चर्चा कर निर्णय लेकर उनका क्रियान्वयन किया जाएगा।

### भारतीय किसान संघ की बैठक हुई



**गुलाबगंज।** शुक्रवार को स्टेट बैंक चौराहा पर भारतीय किसान संघ तहसील गुलाबगंज के दायित्ववान कार्यकर्ताओ की बैठक हुई। प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार बघेल ने बताया की भारतीय किसान संघ का राष्ट्रीय स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें गुलाबगंज क्षेत्र से भी किसानों द्वारा सदस्यता ली गई। वहीं दायित्व मान कार्यकर्ताओं की टोली गठित कर ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर किसानों को भारतीय किसान संघ की सदस्यता लेने के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी सौंपी। इस दौरान जिला सह मंत्री कमला सिंह यादव,बालमुकुंद तिवारी,दौलत सिंह लोधी,भारतीय किसान संघ तहसील गुलाबगंज के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कल

**विदिशा।** ग्राम कंजेला में कल रविवार सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ शिवानी बादल , हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ रवि पटेल, नाक कान गला डॉ विवेक गुप्ता, डॉ राम दुबे, दंत रोग डॉ प्रीति कौर अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। क्लब अध्यक्ष अमोल अग्रवाल, सचिव रोहित गर्ग एवं सभी सदस्यों ने अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है। शिविर का आयोजन लायंस क्लब विदिशा सनराइज द्वारा नोवासिस सुपर मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल भोपाल एवं विदिशा केयर के सहयोग से किया जा रहा है।

## नौकरी के नाम पर ठगी का मामला

### अधिकारियों ने भी समझाया था, पैसा वापस दे दो, बैंक से लोन दिलवा देंगे

# 20 दिन पहले समझौता पंचायत में ठगी का पैसा वापस करने पर बनी थी सहमति, लेकिन पठारी पहुंचते ही पलट गया संजय रजक

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के पठारी बड़ोह के स्मारकों की देखरेख और चौकीदारी की नौकरी दिलवाने के नाम पर ठगाये हुए लोगों के साथ सांची में समझोता पंचायत हुई थी। करीब 20 दिन पहले हुई समझोता पंचायत में तय हुआ था कि संजय रजक बैंक से लोन लेकर सभी की राशि वापस करेगा। पीड़ितों का कहना है कि पठारी पहुंचते ही संजय रजक पलट गया।

ठगी पीड़ित पठारी निवासी सुरेश दीक्षित ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि सांची में यह बैठक विभाग के अधिकारी संदीप मेहतो के साथ हुई थी। मेहतों साहब ने संजय रजक को समझाया था कि सभी के रुपए वापस कर दो। बैठक में ही तय हो गया था कि लोन लेकर सभी के रुपए चुकाएंगे। लोन लेने के लिए संदीप मेहतो ने पठारी के बैंक मैनेजर से तत्काल बात की और मैनेजर लोन देने पर तैयार भी हो गए थे। इस संबंध में संदीप मेहतो से बात करने के लिए फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने फोन ही रिसीव नहीं किया।

### लोन लेकर ठगी का पैसे वापस करने में भी संजय रजक ने की आनाकानी

इधर पठारी पहुंचते ही संजय रजक लोन लेने से नखरे करने लगा कि दलील देने लगा कि पहले से लोन चल रहा है। वह कैसे चुकाएगा यह सब देख मैनेजर ने भी लोन देने से इंकार कर दिया। सुरेश दीक्षित बताते हैं कि उन्होंने अपने परिवार के जेवर गिरवी रखकर यह 80 हजार रुपए राशि जुटाकर पुरातत्व विभाग में एमटीएम के पद पर पदस्थ संजय रजक को दी थी। करीब डेढ़ साल पहले का यह मामला है और संजय रजक ने उनसे नौकरी भी करवाई और फर्जी तरीके से विभाग के पत्र भी दिए। इस तरह के झांसे में आने से उन्हे विश्वास होता चला गया।

### खुद अनुकंपा पर कईयों को दिया झांसा

विभाग में मात्र एक दो ही पद हैं। किसी को बताना मत, अन्यथा आपका चयन नहीं हो पाएगा। यह बात कहकर सभी को चुप रखने में वह लंबे समय तक सफल रहा। बड़ोह पठारी निवासी सादिक का कहना है कि संजय बेहद शातिर तरीके से सभी को अलग-अलग रखकर ठगता रहा। पीड़ितों का कहना है कि विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत की शंका है। क्योंकि संजय रजक को दिसंबर माह में ही बड़ोह पठारी से सांची ट्रांसफर हो गया है। संजय पठारी का ही रहने वाला है और वहीं रहता तो रुपए वापस करने का दबाव ठीक से बन पाता लेकिन सांची चले जाने से ठगी के शिकार हुए लोग अब कुछ ज्यादा ही ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। हालांकि कुरवाई एसडीओपी ने इस मामले में सभी पीड़ितों के बयान लेने के लिए 9 दिसंबर को कुरवाई बुलाया है।

### सबको बुलाया

नौकरी के नाम पर ठगी से पीड़ित सभी आवेदकों को सोमवार को बुलाया गया है। सभी के बयान लिए जाएंगे। बयान लेने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। लोगों को नौकरी का झांसा देकर धोखधड़ी करने वाले आरोपी को बख्सा नहीं जाएगा।

**- मनीष राज,** कुरवाई एडीओपी

## कड़कड़ाती ठंड में स्कूल जाने को मजबूर नौनीहाल, बिगड़ रही तबियत

# लगातार बिगड़ेगा मौसम, शीतलहर के साथ बारिश और ओले की संभावना

गुरुवार को हुई बारिश के बाद शुक्रवार शाम से शीतलहर चलना शुरू हो गई है। वहीं स्कूल भी खुल गए हैं। ऐसे में नौनिहालों को सुबह उठकर स्कूल जाना पड़ रहा है। तेज सर्दी के कारण कई बच्चों की तबियत भी बिगड़ रही है।



**विदिशा।** नई मंडी में व्यापारियों के पास जगह न होने के कारण खरीदी करने के बाद धान परिसर में ही रखी हुई थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मौसम वैज्ञानिक एसएस तोमर के अनुसार शुक्रवार को न्यनूतम तापमान 14 डिग्री और अधिकतम 19 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम के पूर्वानुमान के मुताबिक तापमान में अभी लगातार गिरावट आएगी। अगले 24 से 48 घंटे तक 9 से 14 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार शीत लहर जारी रहेगी। गरज और चमक के साथ कहीं कहीं ओले भी गिर सकते हैं। बारिश की संभावना लगातार बनी हुई है। नौ तारीख को मौसम में राहत नजर आ रही है, लेकिन अगले दिन 10 और 11 जनवरी से फिर से बादल छा जाएंगे। बारिश की संभावना लगातार बढ़ती जा रही है।

### किसान बोलेः अमृत समाज है यह बारिश, उत्पादन में होगी बढ़ोतरी

किसानों ने बताया की यह बारिश अमृत के समान है। डीजल पेट्रोल और बिजली खर्च करके फसलों में पानी देना पड़ता। अब इसकी बचत हो गई है। परसूखेड़ी के किसान बताते हैं कि बारिश का अपनी फसलों के लिए ज्यादा लाभकारी होता है कुल मिलाकर यह बारिश किसानों के लिए अमृत के समान है।

बीती रात हुई तेज बारिश किसानों को लाभ पहुंचा है लेकिन मिर्जापुर मंडी में रखा व्यापारियों की धान बारिश की वजह से भीग गई। जिससे व्यापारियों का अच्छा खासा नुकसान उठाना पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है की अगर मंडी समिति हमें दुकानें उपलब्ध करा देती तो हमारी धान बारिश में भीगती नहीं वहीं कृषि उपज मंडी सचिव का कहना है की व्यापारी कलेक्टर रेट पर जगह लेना चाहे तो खरीद सकते हैं हमने तीन बार सूचना दी मगर कोई लेने को तैयार नहीं है। अनाज तिलहन व्यापार महासंघ अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी ने बताया की तेज ठंड की वजह से किसानों को रात गुजारने के लिए कंबल और अलाव की व्यवस्था मंडी की ओर से की जानी चाहिए। तकरीबन 200 किसान मंडी में फसल बिकवाली के दौरान रुकते हैं। कई बार नीलामी और बिक्री कार्य एक दिन में न हो पाने के कारण किसानों को मंडी में रात गुजारनी पड़ती है। ऐसी में तेज ठंड से बचने के लिए किसानों को मंडी में व्यवस्थाएं करने की मांग की मांग व्यापारियों ने की है।

### बच्चों को स्कूल भेजने में कतरा रहे परिजन

ऐसी कड़ाके की ठंड में बच्चों को स्कूल भेजने से परिजन डर रहे हैं। 4 जनवरी तक स्कूली बच्चों की छुट्टियां चल रही थी। 5 जनवरी से स्कूल खुल रहे हैं। कुछ दिनों से मौसम खराब चल रहा है। परिजनों का कहना है की कड़ाके की ठंड में बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर प्रशासन को स्कूलों की छुट्टियां कर देना चाहिए।

### सात तक बारिश होने की संभावना

शुक्रवार सुबह 5 बजे के बाद एक बार फिर बारिश ने होने लगी। गुरुवार को जहां अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस था। शुक्रवार को दिन के तापमान में कमी देखने को मिलेगी। दिन का अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रहा मौसम विभाग ने 7 जनवरी तक बारिश की संभावना जताई है। नौ जनवरी को कुछ राहत की संभावना है। इसके बाद फिर मौसम खराब हो सकता है।

# पदोन्नत हुए शिक्षकों को नियुक्ति आदेश का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले में पदोन्नत हुए शिक्षक लंबे समय से नियुक्ति आदेश आने का इंतजार कर रहे हैं।

विधानसभा चुनाव के दौरान आचार सहिंता लगने के कारण कुछ शिक्षकों के पदोन्नति आदेश अटक गए थे। जबकि आचार सहिंता से पहले कई शिक्षकों के आदेश जारी कर दिए गए और उन शिक्षकों ने अपने नवीन संस्था में ज्वाइनिंग भी कर ली। जिला शिक्षाधिकारी जीपी राठी ने बताया की विदिशा जिला ही नहीं पूरे संभाग में कई शिक्षकों के आदेश अभी जारी नहीं हुए हैं। उन्होंने बताया की संयुक्त संचालक कार्यालय से आदेश जारी किए जाएंगे। जैसे ही आदेश जारी होंगे सभी शिक्षकों को पुराने स्कूल से रिलीव कराकर नए स्कूल में ज्वाइनिंग की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

### स्कूलों में कम हो गई शिक्षकों की संख्या

शिक्षकों के पदोन्नत होने के कारण कई स्कूलों में शिक्षकों की संख्या भी कमा हो गई है। हालांकि जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय से ऐसे स्कूलों में अन्य स्थानों से शिक्षकों की व्यवस्था की गई है। जिससे परीक्षा के दौरान कोई अव्यवस्था न हो। जिन स्कूलों में अधिक थे वहां से शिक्षकों की व्यवस्था कम शिक्षक वाले स्कूलों में कर दी गई है।

### फोन पे, गूगल पे से नहीं भरी जाएगी फीस

**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज में अब कॉलेज शुल्क अथवा परीक्षा शुल्क एटीएम कार्ड द्वारा जमा की जाएगी। पेटीएम, गूगल पे, फोन पे जैसे माध्यमों से परीक्षा शुल्क जमा नहीं की जाएगी। देखा गया है कि अनजान नंबर से फोन कर छात्राओं से शुल्क की मांग की जा रही है और कहा जा रहा है कि गूगल पे आदि से शुल्क का भुगतान किया जाए, जो कि एक फ्रॉड है। ऐसे फोन आने पर छात्राएं सावधान रहें और तत्काल महाविद्यालय प्रशासन को सूचित करें। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीता पांडेय ने बताया कि ऑनलाइन ठगी की आशंका को देखते हुए यह कदम उठाया गया है, ताकि छात्राओं को ऑनलाइन ठगी का शिकार होने से बचाया जा सके।

### पीएम जन-मन मिशन का शुभांरभ 15 से होगा

**विदिशा।** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के तहत विदिशा सहित प्रदेश के 18 जिलों में क्रियान्वित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री स्वंय उक्त अभियान का शुभांरभ 15 जनवरी को करेंगे और प्रदेश के किसी एक जिले के हितग्राहियों से संवाद करेंगे। जिले में क्रियान्वित कराने कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने पुनः वीडियो कांफ्रेसिग के माध्यम से बात कर उन्हें निर्देश दिए हैं। कलेक्टेट के बेतवा सभागार में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट के अलावा लाइम डिपार्टमेंट के जिला अधिकारी तथा नोडल व जिला संयोजक पारुल जैन मौजूद रहीं।

# पूर्व विधायक ने पत्र लिखकर कहाः नर्मदा का पानी बेतवा में लाने हर सहयोग करने तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पूर्व विधायक शशांक भार्गव ने वर्तमान विधायक मुकेश टंडन को पत्र लिखकर कहा है की विदिशा में नर्मदा जल लाने का जो संकल्प लेने की बात विधायक टंडन द्वारा की जा रही है। इस संकल्प में वह विधायक मुकेश टंडन को हर सहयोग करने तैयार हैं।

पूर्व विधायक शशांक भार्गव ने कहा है की 24 जनवरी 2022 को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर आग्रह किया था और विधानसभा के बजट सत्र 2023 के भाषण में सदन में भी इस संबंध में मांग उठाई थी की राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण से मप्र सरकार के अनुबंध के अंतर्गत सन 2024 तक मप्र राज्य द्वारा मां नर्मदा के जल का उपयोग किया जाएगा, बांकी बचा हुआ जल अन्य राज्यों को आवंटित किया जाए। उन्होंने पत्र में लिखा है की विदिशा जिले की जनता की ओर से निवेदन है की बेतवा नदी में 5 एमसीएम जल तीन माह तक के लिए आरक्षित करवाने की कार्रवाई की जाए। विधायक मुकेश टंडन को लिखे पत्र में पूर्व विधायक शशांक भार्गव ने कहा है की किसानों की आशा मकोडिया डेम की साध्यता नहीं पाई गई, जिसके विकल्प स्वरूप मेरे द्वारा मप्र सरकार के इंजीनियरों से यह योजना सन 2019 में बनवाई थी।


इस योजना के अंतर्गत कोई भी कृषि भूमि डूब में नहीं आती। नर्मदा नदी से सीधा जल बेतवा नदी में लिफ्ट कर छोड़ने पर ग्राम पग्नेश्वर रंगई, पलोह, मानपुर, बर्रीघाट, इकोदिया व अन्य उपयोगी जगह पाइप द्वारा लिफ्ट सिंचाई सुविधा किसानों को कम लागत में उपलब्ध हो सकेगी। पाइप द्वारा सिंचाई करने से कम पानी में ज्यादा जमीन सिंचित होगी। 450 एमसीएम जल नर्मदा नदी से बेतवा में छोड़ने पर करीब 1 लाख 57 हजार 500 हेक्टेयर कृषि भूमि रायसेन व विदिशा जिले की सिंचित हो सकेगी। रायसेन व विदिशा सहित अन्य शहरों में पीने के पानी की भी व्यवस्था हो सकेगी। यह योजना कम लागत में बनकर ज्यादा किसानों को लाभ पहुंचाएगी।

### सेक्टर ऑफिसरों के प्रस्ताव भेजने के निर्देश

**विदिशा।** लोकसभा चुनाव के लिए कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने सेक्टर ऑफिसरों के प्रस्ताव भेजने निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर भार्गव ने बताया कि शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्विघ्न चुनाव कराने 10 से 12 मतदान केन्द्रों पर 1 सेक्टर ऑफिसर नियुक्त किया जाना है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि विधानसभा निर्वाचन के दौरान नियुक्त सेक्टर ऑफिसर को प्राथमिकता से यथावत प्रस्तावित किया जाए, यदि कोई सेक्टर ऑफिसर सेवानिवृत्त या स्थानांतरित हो गए हैं तो उनके स्थान पर अन्य अधिकारी प्रस्तावित किए जाएं।

### जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे अनुज भार्गव

**विदिशा।** नेहरू युवा केंद्र के



तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद 5 एवं 6 जनवरी को आईईएस विश्वविद्यालय भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में अनुज भार्गव विदिशा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# नियम तोड़ने वाले 13 वाहन चालकों के चालान काटे

हरिभूमि न्यूज ⏭हैदरगढ़

यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ शुक्रवार को हैदरगढ़ पुलिस ने कार्रवाई की। 13 वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए 4500 रुपए के चालान बनाए। 45 वाहनों की जांच की गई। पुलिस के द्वारा चलाई जा रही चलानी कार्रवाई से अधिकांश लोग हेलमेट सीट बेल्ट का उपयोग कर रहे हैं। थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने बताया कि हैदरगढ़ क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा। जो वाहन चालक यातायात के नियमों का पालन नहीं करेंगे उनके ऊपर चालानी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया की वाहन चालकों को समझाइश भी दी जा रही है की हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें जिसमें चालानी कार्रवाई से बच सकें और दुर्घटना होने पर बचाव भी हो।



## अयोध्या के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर घुमंतू समाज के परिवारों को दिया आमंत्रण

# नगर की 20 बस्तियों में पहुंच रहीं अलग-अलग टोलियां 22 जनवरी को 5 दीपक जलाने घर-घर बांट रहे पीले चावल

### अयोध्या की तरह सजेगी बस्ती, घर-घर जलेंगे दीप

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अयोध्या में होने वाले प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर 22 जनवरी को विदिशा में दीपावली मनाने की तैयारी हिन्दू संगठनों द्वारा की जा रही है। कार्यक्रम को लेकर नगर की 20 बस्तीयों में अलग-अलग बैठकें की गई हैं।



जानकारी के अनुसार 20 टोलियां बनाई गई हैं, जो कि घर-घर पहुंचकर प्रत्येक परिवार को अयोध्या से आए चावल देकर श्री राम जी की स्थापना के महत्व को बता रहे हैं। घर-घर दीपावली मनाने का आग्रह कर रहे हैं। शुक्रवार को महालघाट स्थित झुग्गी बस्तियों में घुमंतू समाज के परिवारों को पीले चावल दिए गए। इस दौरान घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू समाज विभाग के जिला प्रभारी सुरेंद्र कुशवाह ने बताया कि 22 जनवरी श्री रामलला प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए पूरे देश में अक्षत वितरण किए जा रहे हैं, स्वयंसेवक घर-घर जाकर अक्षत वितरण कर रहे हैं। घर-घर लोगों से आग्रह किया जा रहा है कि 22 जनवरी को अपने घर में पांच दीपक जलाएं, रंगोली सजाएं।

जतरापुरा, रायपुरा सहित कई स्थानों पर घुमंतू समाज की बस्तियों में दीवाली की तरह पर्व मनाने का आग्रह किया जा रहा है। इन परिवारों में भी स्थापना कार्यक्रम को लेकर भारी उत्साह है। वहीं एक दिन पहले गंगा उपनगर, यमुना बस्ती राजेंद्र नगर बक्सरिया, भोई मोहल्ला झील कुआं में अक्षत एवं राम मंदिर पंपलेट घर-घर वितरण किए गए। अक्षत वितरण कार्यक्रम में विक्की चौधरी, राजा राजपूत, गोविंद प्रजापति, अरुण शर्मा, विजय शर्मा, विशाल कुशवाह आदि मौजूद रहे।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2570
उच्चतम भाव-4200
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2280
उच्चतम भाव-2930
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2325
उच्चतम भाव-2398
चना
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-5430
मसूर
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-6090
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3700
उच्चतम भाव-4685
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-4300
सरसों
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-5500
उड़द
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-8220
धान
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-4220
ज्वार
न्यूनतम भाव-1580
उच्चतम भाव-6610
धना
न्यूनतम भाव-5700
उच्चतम भाव-5800
काबुली चना
न्यूनतम भाव-7750
उच्चतम भाव-7750
अलसी
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-4760
तुअर
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-5500
कलौंजी
न्यूनतम भाव-8000
उच्चतम भाव-8000

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से बडी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 9232 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### वाहन चैकिंग के दौरान लगाया जुर्माना

**गंजबासौदा।** शुक्रवार को वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में सूबेदार आशीष राय यातायात प्रभारी द्वारा दो पहिया वाहन चालक द्वारा हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालकों द्वारा सीट बेल्ट न धारण करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर जय स्तंभ चौक पर विशेष अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 22 चालान बनाए गए एवं 11300 रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया। कार्रवाई के दौरान सभी चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर हिदायत दी गई की सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी यातायात नियमों का पालन कर स्वयं अपनी एवं अपने परिवार की सुरक्षा का ध्यान रखने की हिदायत दी गई।

### नगर सहित ग्रामीण अंलचों से बड़ी संख्या में मेला देखने आ रहे लोग

# कुश्ती में पहलवानों के दाव पेंच और श्रीरामलीला मेला देखने उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





नया बस स्टैंड पर श्री रामलीला मेला पूरे शबाब पर आ गया है। एक और जहां मेले में लगे झूलों का आनंद लेने के लिए छोटे-छोटे बच्चे महिलाएं बुजुर्गों की भीड़ उमड़ रही है। वहीं दूसरी ओर जनक दुलारी रामलीला मंडल अयोध्या के कलाकारों द्वारा मनोहरी रामलीला का मंचन किया जा रहा है। रामलीला में शुक्रवार को धनुष यज्ञ समारोह का आयोजन हुआ। जिसे देखने के लिए आसपास के गांव से भारी संख्या में भीड़ उमड़ पडी।

उधर नगर पालिका परिषद द्वारा रामलीला मेले में खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार के दिन मेले में कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें एक से बढ़कर एक पहलवानों ने अपने दमखम का परिचय देकर जीत हासिल की। इस कुश्ती प्रतियोगिता में गांव के भी पहलवान आकर जोर जमाइश कर रहे हैं। इस कुश्ती प्रतियोगिता का संचालन धर्मेंद्र जैन, डेजी भाई, कपिल गौड़ द्वारा किया जा रहा है। कुश्ती के प्रारंभ में पहलवानों का परिचय नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, मनोज यादव, अमृतांशु यादव द्वारा किया गया। रात्रि 8 बजे तक झूलों और व्यंजनों की दुकानों का आनंद उठाने के लिए भीड़ उमर रही है।

मेला में व्यवस्थाओं का जायजा लेने नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, नगर पालिका सीएमओ पवन कुमार शर्मा, मेला समिति अध्यक्ष सुनील साहू के अलावा अन्य पार्षद गण भी समय-समय पर पहुंचते रहते हैं। यहां उल्लेखनीय है कि खराब मौसम के बाद भी श्रीराम लीला मेले में इन दिनों बड़ी संख्या में लोग अपने परिजनों के साथ पहुंच रहे हैं। श्रीराम लीला मेले में आयोजित श्रीराम लीला देखने नगर सहित ग्रामीण अंचल से सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालु पहुंचकर धर्मलाभ ले रहे हैं। वहीं मेले में लगी दुकानों पर बड़ी संख्या में नागरिक अपने परिजनों एवं मित्रों के साथ पहुंचकर खरीददारी कर रहे हैं। मेले में आए विशाल झूलों, मनोरंजन एवं खाद्य सामग्री का लुफ्त उठा रहे हैं।

# नगरपालिका अध्यक्ष ने सिंगल क्लिक से डाली तीसरी किश्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से 241 हितग्राहियों के खाते में प्रधानमंत्री आवास योजना की तीसरी किस्त 50-50 हजार रुपये की राशि डाली गई। नगर पालिका सीएमओ पवन कुमार शर्मा ने बताया कि सिंगल क्लिक के माध्यम से नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव द्वारा 241 हितग्राहियों के खाते में कुटीर के लिए एक करोड़ 20 लाख 50000 की राशि डाली गई है। अब आगामी समय में क्रमानुसार शेष रह गए 75 हितग्राहियों के खाते में करीब 3,750,000 की राशि भी डलवाई जाएगी। नपा में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने बताया कि यह राशि भी 15 दिवस के भीतर हितग्राहियों के खाते में डलवा दी जाएगी। नपा इस कार्यप्रणाली की सभी हितग्राहियों एवं नागरिकों द्वारा सराहना की जा रही है।

# महिला जैन मिलन ने नन्हे मुन्ने बच्चों को ऊनी कपड़े भेंट किए



**गंजबासौदा।** महिला जैन मिलन त्रिमूर्ति की सदस्यों ने विगत दिनों वार्ड क्रमांक 4 स्थित शासकीय प्राथमिक शाला पहुंचकर नन्हे मुन्ने बच्चों को ऊनी कपड़े स्वेटर, टोपे, स्कार्फ, मोज़े आदि वितरित किए। वहीं बच्चों के साथ ज्ञानवर्धक प्रश्न व पहेलियां से भरपूर खुल जा सिम सिम खेल भी खेल खिलाया गया जिसके सही उत्तर देने वाले बच्चों को उपहार भी प्रदान किये गये। महिला जैन मिलन की अध्यक्ष मोना जैन, मंत्री अंशुल जैन ने बताया कि बच्चों के साथ बताए गए पल यादगार रहेंगे। इस मौके पर प्राचार्य, शिक्षकगण एवं सदस्य मौजूद थे।

# मध्यप्रदेश के मंडला के सूर्य कुंड में यात्रा का विराम, 800 किमी की यात्रा हुई पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बेटे कितने ही बड़े और सयाने क्यों ना हो जाएं लेकिन हर बेटे को अपनी मां की गोद प्यारी लगती है। मां की गोद में आकर बेटे अपने हर गम और दर्द को भूल जाते हैं। कुछ ऐसा ही हाल इन दिनों करीब 1200 किलोमीटर की यात्रा पर चल रहे जगन्नाथ महाप्रभु के भक्तों का है जो 800 किलोमीटर की यात्रा पूरी करके उड़ीसा और छत्तीसगढ़ को नापकर जब वह मध्य प्रदेश की सीमा में आकर मां नर्मदा की गोद में बैठे तो अपने सारे कष्ट और तकलीफ भूल गए जो उन्हें यात्रा के दौरान मिले थे।

मध्य प्रदेश के मंडला में शुक्रवार को यात्रा के 25 दिन पूरे हो चुके हैं। मंडला जिले की बिछिया तहसील में सूर्य कुंड के पास पूर्व मंडी अध्यक्ष सुनील नामदेव द्वारा जगन्नाथ महाप्रभु और उनके भक्तों को चकाचक भंडारे की सेवा दी गई। 16 जनवरी तक इस यात्रा के नगर में आने की संभावना है, जिसका इंतजार महाप्रभु के स्वागत सत्कार के लिए भक्त पलक पांवडे बिछाकर शबरी की भांति कर रहे हैं। मालूम हो कि वेत्रवती घाट स्थित नौलखी आश्रम में करीब 90 साल बाद अप्रैल महीने में होने जा रहे एक विराट धार्मिक आयोजन में जगन्नाथ महाप्रभु सहित भगवान श्री रामलला के नए विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। महाप्रभु जगन्नाथ के नवीन विग्रह को नगर के भक्तों का एक मंडल उड़ीसा से रथ पर बैठाकर खुद राम नाम संकीर्तन के साथ पैदल लेकर आ रहा है।

महाप्रभु को उड़ीसा से लेकर निकली 40 दिन की यह यात्रा छत्तीसगढ़ से होते हुए शुक्रवार को 25 वे दिन मध्य प्रदेश में प्रवेश कर चुकी है। इन 25 दिनों में पूरी हुई करीब 800 किलोमीटर की यात्रा के दौरान जगह-जगह जगन्नाथ महाप्रभु और उनके भक्तों का जो स्वागत सत्कार हुआ उसे देखकर साथ चल रही भक्त मंडली गदगद हैं। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कवर्धा से जुड़े क्षेत्रों में जरूर महाप्रभु को भक्तों के लिए कुछ अनहोनी के संकेत मिले, लेकिन पुलिस प्रशासन और हिंदूवादी संगठनों के सहयोग सहित महाप्रभु की कृपा से वह संकट भी टल गया। छत्तीसगढ़ की सीमा में चलते हुए हिंदूवादी संगठनों के सहयोग से यात्रियों को सम्मान और सत्कार के साथ मध्यप्रदेश की सीमा में प्रवेश कराया गया। जगन्नाथ महाप्रभु के भक्तों को 25 दिन की इस यात्रा के दौरान अनगिनत खट्टी मीठे अनुभवों की यादों का जो साथ मिला वह जीवन पर्यंत स्मृतियों में रहेगा। उड़ीसा के अंचलों में महाप्रभु के प्रति गजब की भक्ति और उत्साह पद यात्रियों को देखने मिला। यात्रा के नगर या गांव में प्रवेश की सूचना मिलते ही श्रद्धालु आरती की थाली, मंगल कलश लेकर घर के सामने रंगोली सजाकर यात्रा के स्वागत में इंतजार करते हुए मिले।



यात्रा में साथ चल रहे जगन्नाथ महाप्रभु के विग्रह की स्थापना के मुख्य यजमान मनीष पाठक ने बताया कि नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज के मार्गदर्शन में उड़ीसा से यह यात्रा प्रारंभ हुई है। करीब एक हफ्ते तक महाराजश्री का सानिध्य और सत्संग भक्त मंडली को मिला। अन्य पद यात्री विकास मिश्रा रघुवीर सिंह, महेंद्र सिंह राजपूत, रामसिंह दांगी एवं शैलेंद्र रघुवंशी ने बताया कि महाप्रभु की तीनों समय की भोग सेवा का पूरा पूरा ध्यान रखा जा रहा है और प्रतिदिन बदल बदल कर उनको भोग अर्पित किया जाता है। पदयात्रा में साथ चल रहे यात्रियों के लिए भी जो महाप्रभुजी को भोग अर्पित किया जाता है उसकी प्रसादी दी जाती है। पदयात्रा में भक्तों के पैरों में पड़े छाले और सर्द हवाएं महाप्रभु की भक्ति से नहीं रोक पा रहीं हैं।

### बिजली की समस्या बनी आमजन की परेशानी

**गंजबासौदा।** इन दिनों विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नगर में बगैर सूचना के प्रतिदिन अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है। जिससे नगरवासियों को सर्दी के मौसम में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को भी सुबह से लेकर शाम तक कई बार विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अघोषित बिजली की कटौती की गई। पिछले एक पखवाड़े से नगर के अनेक वार्डों में दिन में कई बार बिजली काटी जा रही है। जिससे लोगों को बिजली के अभाव में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने विद्युत वितरण कंपनी से अघोषित बिजली की कटौती बंद करने की मांग की है।

# रानी दुर्गावती और सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर वाचनालय में पाठक संघ के तत्वावधान में रानी दुर्गावती की 500वीं जन्म जयंती एवं सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन ग्राम नगर रक्षा समिति के प्रांतीय संयोजक दीपक तिवारी द्वारा किया गया एवं उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया।

वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि कालिंजर के चंदेल राजा कीरत सिंह के यहां 5 अक्टूबर 1924 को जन्मी रानी दुर्गावती शास्त्र और शस्त्र विद्या में बचपन से ही दक्ष हो गई थी। महोबा की चंदेल राजकुमारी गोंडवाना के राजा दलपत सहाय से विवाह उपरांत जबलपुर आ गई। जब इस विशाल साम्राज्य के राजा दलपत सहाय की असमय मृत्यु हो गई, तो रानी ने विचलित हुए बिना अपने बालक वीर नारायण को राजगद्दी पर बैठ कर राज संभाला। लगभग 16 वर्ष के शासन में उन्होंने अनेक निर्माण कार्य एवं जनहित के कार्य किए। सावित्रीबाई फुले का जन्म आज के ही दिन 1831 में सतारा जिले में हुआ था।



सावित्रीबाई फुले का विवाह 9 वर्ष की उम्र में ज्योतिबा फुले से हुआ। वे एक महान समाज सुधारक एवं देश की प्रथम महिला शिक्षिका थीं सन 1948 में उन्होंने पुणे में प्रथम महिला स्कूल की स्थापना की। जिसमें उनके पति ने सहयोग किया। इसके बाद परिवार ने उनको घर से निकाल दिया तो एक मुस्लिम उस्मान की पत्नी फातिमा शेख ने उनकी मदद की। कार्यक्रम में सतीश शिल्पकार, लाखन सिंह रघुवंशी, आशीष सोनी, छोटेलाल नामदेव, दीपक राय, कैलाश, रमेश सोलंकी सहित अनेक पाठक उपस्थित थे।

### मोक्ष मार्ग थोड़ा जटिल तो होता है, लेकिन कुटिल नहीं होता : मुनि समय सागर



**गंज बासौदा।** महावीर विहार में ससंघ विराजमान निर्यापक मुनि समय सागर महाराज के मुखारविंद से प्रतिदिन मंगल प्रवचन सुनने का सौभाग्य धर्म प्रेमी बंधुओं को प्राप्त हो रहा है। प्रातः कालीन मंगल देशना को संबोधित करते हुए मुनि श्री ने जल की निर्मलता की तुलना मानव मन से करते हुए समझाया कि जल का स्वभाव शीतल और निर्मल होता है। जल की प्रकृति अग्नि को बुझाने वाली होती है। अपने मुख को जल में देखने के लिए, जल शांत होना चाहिए। उसमें तरंग नहीं होना चाहिए। जल की तरह हमे आत्म तत्व की प्राप्ति करने के लिए मन को सरल, शीतल एवं शांत रखना चाहिए। मन में विचारों की अशुभ तरंगें उठती रहेगी, तो हम एकाग्रता को प्राप्त नहीं हो सकते। मोक्ष मार्ग थोड़ा जटिल तो होता है, लेकिन कभी कुटिल नहीं होता। जो मानव मन से कुटिलता नहीं छोड़ते वह कभी मोक्ष मार्ग नहीं अपना सकते। सीधा वृक्ष फर्नीचर आदि कई उपयोग में आता है, लेकिन जो वृक्ष टेढ़े-मेढ़े होते है, वे केवल सिर्फ ईंधन के काम आते हैं। कर्मों को नष्ट करने के लिए हमें सम्यक तप का सहारा लेना चाहिए। जिनके तन में राग द्वेष की लहरें उठ रही हैं , वह आत्म तत्व को प्राप्त नहीं कर सकता।

### वेदांत आश्रम में श्रीराम कथा का पांचवा दिन

# श्रीराम कथा में शिव और सती के चरित्र का वर्णन किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वेदांत आश्रम में समायोजित विराट शतचंडी महायज्ञ व श्री राम कथा के पंचम दिवस में जगतगुरु अनंतानंद द्वाराचार्य स्वामी डॉ. रामकमल दास वेदांती महाराज ने शुक्रवार को प्रवचन में शिव एवं सती के चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि दुर्लभ मानव जीवन में सांसारिक व्यस्तताओं के बावजूद भी श्री राम कथा को श्रवण करने के लिए समय निकालना चाहिए। भगवान शिव तथा भगवती सती श्रीराम कथा को श्रवण करने के लिए हिमालय से उतरकर दंडकारण्य में महर्षि अगस्त के पास आए। वहां भगवान शिव ने बड़ी श्रद्धापूर्वक महर्षि अगस्त से श्री राम कथा को श्रवण किया। किंतु तर्कपूर्ण बुद्धि होने के कारण भगवती सती ने श्री राम कथा को ध्यान पूर्वक नहीं सुना।

इसी कारण वन में सीता के वियोग में भटकते हुए भगवान श्री राम को देखकर सती को श्री राम के ईश्वर होने पर संदेह हो गया और वह भगवान शिव के बार-बार समझाने पर भी श्रीराम को परब्रह्म ईश्वर मानने के लिए तैयार नहीं हुई। भगवती सती महामाया एवं महान शक्ति है। देश के 52 शक्तिपीठों में इन्हीं भगवती सती की पूजा की जाती है, किंतु वह ईश्वर की प्रबल माया के वशीभूत होकर भगवान शिव के बार-बार समझाने पर भी पत्नी के वियोग में रोते हुए राम को ईश्वर मानने के लिए तैयार नहीं हुई और वह सीता का रूप धारण कर श्री राम के सामने पहुंच ही गईं। किंतु परब्रह्म परमात्मा राम पर उनकी माया का कोई भी प्रभाव नहीं पड़ा। भगवान राम ने उनके नकली वेश को पहचानते हुए दोनों हाथ जोड़कर जननी कहकर उन्हें प्रणाम किया और यह भी पूछा कि वह भगवान शिव को छोड़कर इस घनघोर जंगल में अकेली विचरण क्यों कर रही हैं। वेदांती महाराज ने कहा कि गृहस्थ जीवन एक रथ की तरह है और पति-पत्नी उस रथ के दो चक्के हैं जिनकी मिलन सारिता पर ही गृहस्थ रथ गतिमान होकर चलता है। जब दोनों में सामंजस्य नहीं रहता तब गृहस्थ जीवन बिखर जाता है। पति और पत्नी दोनों को चाहिए कि वह थोड़ी-थोड़ी बात पर परस्पर मनमुटाव पैदा ना करें।

भारत में भी तलाक की घटनाएं बड़ी तेजी से बढ़ रही हैं जिसके कारण बच्चों का भविष्य भी खतरे में पड़ता जा रहा है। हमें श्री राम कथा को सुनकर पारिवारिक सौहार्द्र को बनाए रखने का प्रयत्न करना चाहिए। पति-पत्नी का एक दूसरे में विश्वास ही गृहस्थी को सुदृढ़ और मजबूत तथा परिवार के बच्चों को श्रेष्ठ पद पर चलते हुए ऊंचाइयों को छूने का सौभाग्य प्रदान करती है।

# विहिप ने अक्षत भेंट कर दिया आमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा तारण तरण जैन पाठशाला क्षेत्र में पहुंचकर रहवासियों को अक्षत भेंट कर आमंत्रण दिया। ज्ञात हो कि पूरा शहर अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली श्रीरामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के मौके को हर्ष और उल्लास से दिवाली के स्वरूप में मनाने का निवेदन लेकर विहिप कार्यकर्ता घर-घर पहुंच रहे हैं। इस आमंत्रण में पत्रक और अक्षत भेंट कर रहे हैं। शहर के मोहल्ले में दिनभर बच्चों बुजुर्ग और नौजवानों की टोली भगवा ध्वज लहराते हुए घर-घर दस्तक दे रही है। रास्ते में मिलने वाले मंदिरों पर भी भगवान के नाम निमंत्रण पत्रक रखा जाता है। वहीं लोग भी बड़े श्रद्धा भाव से कार्यकर्ताओं की अगवानी करते हैं। पुराने लोग राम मंदिर आंदोलन के समय की चर्चा उस समय के किस्से नौजवानो को सुनाते हैं वहीं जगह जगह लोग कार्यकर्ताओं स्वागत कर रहे हैं। पाठशाला गेट पर भाजपा जिलाध्यक्ष कार्यालय के समक्ष पूर्व विहिप पदाधिकारी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश तिवारी का नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव द्वारा रोली तिलक कर एवं फूल मालाओं से स्वागत कर मिष्ठान का वितरण किया गया। इस अवसर पर रुपेन्द्र शर्मा, सन्नी भावसार, टोनी जैन, समीर किरमानी, प्रीति जैन, सरिता रघुवंशी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं विहिप कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अभिभाषक संघ ने सौंपे ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अभिभाषक संघ ने शुक्रवार को एसडीएम विजय राय को दो ज्ञापन सौंपे। एक ज्ञापन में मुख्यमंत्री से 22 जनवरी को अयोध्या के रामलला समारोह में सहभागिता दर्ज करने और दूसरा ज्ञापन कलेक्टर के नाम सौंपा। जिसमें शीत लहर के कारण बच्चों को बीमारी से बचाने अवकाश घोषित करने की मांग की गई। पहले ज्ञापन में अभिभाषक संघ ने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि वर्षों की तपस्या और पीढियों के इंतजार के बाद भारत वर्ष की धार्मिक राजधानी अवधपुरी अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का विश्व स्तरीय कार्यक्रम 22 जनवरी को होना तय हो चुका है। प्राण प्रतिष्ठा के संपूर्ण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दोपहर को 11 से 1 बजे तक होगा। हमारे हृदय में बसे भगवान श्रीराम के मंदिर में विराजमान होने का अवसर हमारे जीवन का ऐतिहासिक क्षण होगा जो हर भारतवासी के लिए गौरव की बात है। परंतु ऐसे विशेष अवसर पर भी शासन द्वारा अवकाश घोषित नहीं किया गया है, इसलिए अवकाश घोषित किया जाए। दूसरे ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में शीत लहर चल रही है इसमें बच्चे बीमार हो रहे हैं। जब तक शीत लहर बंद नहीं होती उसे समय तक कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया जाए। इस अवसर पर अभिभाषक मौजूद थे।

### टीम ने थाने में की व्यापारी की शिकायत, पुलिस ने व्यापारी के खिलाफ धारा 353,186,427,34 के तहत बनाया मामला

# सैंपल लेने देर रात आई खाद्य विभाग की टीम, विवाद के बाद मामला पहुंचा थाने

### *व्यापारियों से एसडीएम हर्षल चौधरी बोले-पैसों की मांग की जानकारी मुझे देना चाहिए था, मै इसकी जांच कराऊंगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के किराना व्यापारियों की दुकानों पर खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम द्वारा सैंपल लेने को लेकर दुकानदार व टीम के बीच झगड़ा हो गया। वही इस झगड़े ने इतना तुल पकड़ा कि यह मामला पुलिस थाने पहुंच गया और प्रकरण दर्ज हुआ। इसके बाद किराना व्यापार संघ ने एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। जैसा कि व्यापारियों ने आरोप लगाया है कि सहायक खाद्य अधिकारी ने 15 हजार रूपये की मांग की थी। उल्लेखनीय है कि सहायक खाद्य अधिकारी किरण श्रीवास्तव एवं संदीप वर्मा की जब से सिरोंज में पदस्थापना हुई तभी से यह विवादास्पद रही हैं।

## आखिर क्या है मामला

4 जनवरी गुरूवार को रात्रि 9 से 10 बजे के आसपास जब खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम जिसमें सहायक खाद्य अधिकारी किरण श्रीवास्तव व संदीप वर्मा चांदनी चौक स्थित गौरव ट्रेडर्स पर सैंपल लेने पहुंची। उक्त व्यापारी राजेन्द्र कुमार जैन ऑटो से उतरते हुए दोनो व्यक्तियों को सीधे दुकान के अंदर प्रवेश किया तो व्यापारी ने यह समझा की शायद मेरे घर महमान आए है। व्यापारी ने दोनो व्यक्तियों को अंदर आने दिया। जब टीम व्यापारी की दुकान पर पहुंची तो वह समय व्यापारी का दुकान बंद करने का था। जैसे ही टीम ने मूंगफली दाने व मिस्त्री का सैंपल का बोला तो जब व्यापारी को मालूम पडा कि यह खाद्य विभाग की टीम है। जैसे ही टीम ने अपनी कार्रवाई शुरू की तो दुकान के बाहर आसपास के व्यापारियों की भीड एकत्रित हो गई। तभी दुकान संचालक राजेन्द्र कुमार जैन से संदीप वर्मा व श्रीमति किरण श्रीवास्तव ने 15 हजार रूपये देने की मांग की तो इस पर व्यापारी ने किराना व्यापार संघ के अध्यक्ष व अपने परिजनों को बुला लिया। तो वही काफी देर तक दोनो पक्षों में बहस चलती रही और मामला शांत हो गया।

## खाद्य विभाग की टीम पहुंची पुलिस थाने

रात्रि 10 बजे के आसपास सहायक खाद्य अधिकारी श्रीमति किरण श्रीवास्तव व उनके सहयोगी संदीप वर्मा पुलिस थाने पहुचें। वही उन्होने चांदनी चौक स्थित गौरव ट्रेडर्स के संचालक राजेन्द्र कुमार जैन व किराना व्यापार संघ के अध्यक्ष सुनील जैन के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया। इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राजेन्द्र जैन व सुनील जैन के खिलाफ धारा 353,186,427,34 के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया। वही प्रकरण दर्ज होने के बाद खाद्य विभाग की टीम पुलिस को अपने साथ लेकर व्यापारी की दुकान पर पहुंची।

## एसडीएम के पास पहुंचा किराना व्यापार संघ

खाद्य एवं औषधि विभाग की इस कार्रवाई के बाद देर रात्रि में किराना व्यापार संघ की बैठक आयोजित की गई। इसके बाद शुक्रवार को किराना व्यापार संघ के सदस्यों ने एसडीएम कार्यालय पहुचकर एसडीएम हर्षल चौधरी को एक ज्ञापन सौपा। जिसमें उल्लेख किया गया कि आए दिन खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारियों द्वारा व्यापारियों को प्रताड़ति एवं धमकाया जा रहा है। व्यापारियों से पैसो की मांग की जाती है और झूठे आरोप एवं सजा की




कहकर डराया धमकाया और केस दर्ज किया जाता है। व्यापारियों से मोटी रकम मांगी जाती है और यदि व्यापारी द्वारा रकम न दी जाए तो व्यापारी के खिलाफ झूठे आरोप दर्ज किए जाते है। यदि कोई व्यापारी उनसे अपनी सत्यता बताकर बहस करता है तो उसकी थाने में एफआईआर दर्ज की जाती है। ऐसा ही एक प्रकरण गुरूवार की रात्रि 9 बजे के आसपास हुआ जिसमें गौरव ट्रेडर्स चांदनी चौक किराने की दुकान पर संदीप वर्मा एवं किरण किरण श्रीवास्तव पहुंची और प्रोपराईटर राजेन्द्र कुमार जैन से 15 हजार रूपये की मांग की। वही व्यापारी द्वारा पैसे न देने के कारण और बहस होने पर खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा थाने पहुचकर झूठी एसआईआर दर्ज कराई गई। साथ ही व्यापारियों ने जब किराना व्यापार संघ के अध्यक्ष सुनील जैन को मौके पर बुलाया तो उनके समझाने पर भी टीम उनसे बहस करने लगी। साथ ही खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा गलत शब्दों का प्रयोग किया। वही व्यापारियों ने मांग करते हुए कहा कि दोषी अधिकारियों के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई कर व्यापारी पर दर्ज की गई एसआईआर को समाप्त किया जाए।

## व्यापारी बोले- पिछले माह से व्यवस्थाएं न होने के कारण बन रहे प्रकरण

जब किराना व्यापार संघ एसडीएम को ज्ञापन देने पहुंचा तो व्यापारी वर्ग चिल्ला चिल्लाकर कह रहा था कि पिछले तीन चार माह से व्यवस्थाएं नही हो पाई। इस कारण हमें परेशान किया जा रहा हैं। इसके पूर्व जो खाद्य विभाग के अधिकारी थे उन्होने हमें कभी परेशान नही किया। वर्तमान में जो खाद्य विभाग के अधिकारी सिरोंज में पदस्थ है इनकी मांगे हम पूरी नही कर सकते इसलिए टीम द्वारा हमें परेशान किया जा रहा है। आखिर ऐसी कोई सी मांगे है जो अधिकारियों की पूरी नही हो पा रही। इसको लेकर जनचर्चा का विषय बना हुआ है।

## पहली बार जांच टीम बगैर एसडीएम की परमिशन और बिना पुलिसकर्मी के जांच करने पहुंची

कई वर्षो से देखा जा रहा है कि खाद्य विभाग की टीम जब जब जांच करने के लिए सिरोंज आई। तब टीम द्वारा पहले एसडीएम से मिलकर उनके दिशा निर्देश लेकर टीम जांच प्रारंभ करती थी और जब टीम जांच करने के लिए शहर में निकलती थी तो टीम के साथ एसडीएम द्वारा पुलिसकर्मी भेजे जाते थें। लेकिन जब उक्त जांच टीम जांच करने निकली तब न तो टीम ने एसडीएम को कोई जानकारी दी और न ही सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों को अपना साथ लिया। आखिर पुलिसकर्मी और स्थानीय वरिष्ठ अधिकारियों को कोई सूचना नही देना कई प्रश्न चिन्ह खड़े हो रहे है। आखिर जांच टीम में दो अधिकारी ही क्यों जांच करने पहुंचते है।

## एडवोकेट संजीव पालीवाल ने खाद्य अधिकारी पर लगाए आरोप

एडवोकेट संजीव पालीवाल ने सहायक खाद्य अधिकारी किरण श्रीवास्तव एवं उनके सहयोगी संदीप वर्मा की कई गंभीर शिकायतें मध्यप्रदेष शासन के प्रमुख सचिव एवं कलेक्टर विदिशा,लोकायुक्त में की गई है। पालीवाल नें खाद्य अधिकारी किरण श्रीवास्तव पर सिरोंज में वाटर प्लांटों को लेकर कई गंभीर आरोप लगाए है। उक्त जानकारी एसडीएम हर्षल चौधरी को भी दी गई है।

## टीम ने 2-2 किलो मावे के लिए सैंपल

पिछले चार दिन से खाद्य विभाग की टीम जिसमें सहायक खाद्य अधिकारी किरण श्रीवास्तव,संदीप वर्मा मिठाईयों की दुकानों व मावा विक्रताओं के सैंपल लिए जा रहे है। इसको लेकर मिठाई व मावा विक्रेताओं में हडकंप मची है। हद तो जब हो गई जब हाथ ठेले पर प्रतिदिन मावा खरीदने वाले छोटे छोटे व्यापारियों के मावे का सैंपल लेने टीम जब पहुंची तो टीम ने सैंपल के नाम पर 2 - 3 किलो मावे के पैकेट व्यापारी से बनवा लिए और टीम के आगें हाथ जोडकर व्यापारियों ने कहा कि साहब हम रोज कुआं खोद कर पानी पीते है हमारे साथ ऐसे मत करों सैपल के लिए 2 किलो मावा कौन लेता है। इसी तरह मिठाई दुकानदार भी परेशान है उनका भी आरोप है कि कब तक हम मिठाई व नमकीन के सैंपल के नाम पर 2 से 5 किलो मिठाईया देते रहे।

## बदतमीजी की

में हाईकोट के निर्देश पर सैंपल लेने पहुंची थी। मेरे साथ दुकानदार ने बततमीजी की इसलिए मुझे पुलिस थाने में रिपोर्ट करने पडी। जो आरोप मेरे ऊपर लगाए जा रहे है वह गलत है।

**किरण श्रीवास्तव,** सहायक खाद्य अधिकारी विदिशा।

## लेन-देन की जांच की जाएगी

यह सही है कि खाद्य विभाग की टीम जब भी सिरोंज में आती है तो हमसे दिशा निर्देश लेती है और हम टीम के साथ राजस्व विभाग के एक अधिकारी व पुलिसकर्मी को भेजते है। लेकिन खाद्य विभाग की टीम ने हमें न तो कोई सूचना दी और न ही कोई दिशा निर्देश प्राप्त किए। व्यापारियों की भी गलती है यदि कोई ऐसा मामला हुआ था तो मुझे बताना चाहिए था। यदि पैसे का कोई लेनदेन का मामला था तो हम कार्रवाई करते। किराना व्यापार संघ का ज्ञापन मुझे प्राप्त हुआ है मैने इस संबध में कलेक्टर महोदय को उक्त ज्ञापन भेजा है। जैसे ही जो कलेक्टर महोदय के दिशा निर्देश प्राप्त होगें हम उसी आधार पर कार्रवाई करेगें। पैसे के लेनदेन के मामले में जरूर जांच की जाएगी।

**हर्षल चौधरी,** एसडीएम सिरोंज।

---

## बच्चों को दी गुड टच, बैड टच की जानकारी



**विदिशा।** बच्चों के खिलाफ हो रहे अपराध को रोकने मप्र शासन द्वारा बाल संरक्षण जागरुकता अभियान आगाज 3.0 को प्रारंभ किया गया है। इसके तहत जिले के चयनित इंटर्न गौरव विरुरकर द्वारा ग्राम पंचायत चिड़ोरिया में स्कूली बच्चों एवं आंगनगाड़ी कार्यकर्ता को बच्चों के सुरक्षा एवं गुड टच बैंड टच आदि के बारे में जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्यालय के प्रधानपाठक राजेंद्र ठाकुर, ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत सचिव एवं शिक्षिका सहित साथी अभय कुमार , वेदांत सोनी, नमन पाल, लक्ष्यजीत सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सम्रांट अशोक अभियांत्रिकिय संस्थान के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो केजी किरार एवं डॉक्टर शिल्पी तोमर ने हर्ष व्यक्त किया।

## पत्रकारिता के विद्यार्थी विश्व कल्याण की नई राहों का निर्माण करने में निपुण हैं: प्रो.दिवाकर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष के रूप में प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत ने संचार एवं पत्रकारिता विभाग के शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों से सीधा संवाद किया। संवाद करते हुए प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत ने कहा कि संचार एवं पत्रकारिता के विद्यार्थी अपने व्यक्तित्व निर्माण के साथ ही राष्ट्र की प्रगति और विश्व कल्याण के लिए नवीन राहों का निर्माण करने में निपुण एवं सक्षम होते हैं। प्रोफेसर दिवाकर सिंह ने नये दायित्व के साथ विभागीय परिवार से सीधा संवाद किया और एक प्रेरक उद्बोधन दिया। डॉक्टर राजपूत ने कहा कि युवा वर्ग और पत्रकार हमेशा रचनाधर्मी होते



हैं। समस्याओं का समाधान करने की क्षमता के कारण मानवता और मूल्यों को संपोषित करते हैं। शिक्षक और विद्यार्थियों के अनुशासित जीवन के कारण समाज में उनकी भूमिका पर भी प्रकाश डाला। प्रोफेसर राजपूत ने कहा कि पत्रकारिता के लिए संवाद कौशल, सूक्ष्म अवलोकन, समय प्रबंधन, भाषायी समृद्धि और आत्मविश्वास जैसे गुण अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। डॉक्टर राजपूत ने विश्वविद्यालय के संस्थापक डॉक्टर हरीसिंह गौर के समर्पण की चर्चा करते हुए कहा कि उनके प्रेरक व्यक्तित्व से सदा एक नयी ऊर्जा मिलती है। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ अलीम ने भूमिका और परिचय प्रस्तुत किया।

## युवाओं का युवा उत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन, लोकगीत मे जीता स्वर्ण पदक, राष्ट्रीय स्तर पर लेंगे भाग

**सागर।** खेल और युवा कार्य भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान मे आयोजित किये जा रहे 27 वे राज्य स्तरीय युवा उत्सव में खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा गठित संभाग स्तरीय दल में सागर के युवाओ ने सामूहिक लोकगीत में म.प्र. में प्रथम स्थान अर्जित किया। इस उपलब्धि पर उन्हे शासन द्वारा ट्राफी एवं राशि रू. साठ हजार का चेक प्रदाय किया गया। प्रथम




स्थान प्राप्त करने के उपलक्ष्य में विवेकानंद जयंती पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा उत्सव में म.प्र. का प्रतिनिधित्व करेगे। सामूहिक लोकगीत की इस विधा में सागर का प्रतिनिधित्व अतुल पथरोल, यष गोपाल श्रीवास्तव, कु. रिद्धि जैन, स्तुति खम्पारिया, संजय कोरी, मैकलिन सिंह, यश पाठक, गोलू कुशवाहा, लक्ष्मीकांत रैकवार एवं श्री निखिल सोनी द्वारा किया गया।

### ग्राम पंचायत सौंथर में हुआ कार्यक्रम

## अंतिम पंक्ति के पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा: विधायक मुकेश टंडन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शुक्रवार को जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सौंथर में कार्यक्रम हुआ। जिसमें ग्रामीणों को जनप्रतिनिधियों ने केंद्र व राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी।

विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि देश के गरीब वर्ग और अंतिम पंक्ति के पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। इसी को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। आज हमारे बीच गारंटी रथ आया है जो पूरे विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है। यात्रा के तहत कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल भी लगाए गए। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने-अपने अनुभव भी सांझा किए। कार्यक्रम स्थल पर विकसित भारत संकल्प यात्रा तहत निर्धारित प्रारूप की शपथ का वाचन भी कराया गया। हितग्राहियों को हित लाभ का वितरण किया गया। कार्यक्रम स्थल पर प्रचार रथ के माध्यम से विकसित भारत संकल्प वीडियो का प्रदर्शन किया गया। जिसे ग्रामीण जनों के द्वारा देखा हुआ सुना गया। इस दौरान विदिशा जनपद पंचायत अध्यक्ष सहित कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर शर्मा, धनराज दांगी समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा ग्रामीण जन मौजूद रहे।

## तीसरे दिन भी जारी रहा कोहरा, बारिश, शीत का प्रकोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नये वर्ष 2024 के पहले ही सप्ताह में प्रकृति का प्रहार झेलने नगर एवं क्षेत्र के निवासी मजबूर बने हुए है। बुधवार से शुक्रवार रात्रि तक कभी रिमझिम तो कभी तेज बारिश का दौर चलने से सावन के महिने जैसा माहौल बना हुआ है। शाम होते ही कोहरा छा जाने के साथ तापमान में आई भारी गिरावट से चौबीसों घंटों शीत का प्रचण्ड प्रकोप नगर एवं क्षैत्र के निवासी झेल रहे है। मकर संक्रांति के आसपास रितु परिवर्तन के समय जरूरी मौसम खराब होता रहा है। परंतु संक्रांति के दस-बारह दिनों पूर्व से बिगडा और बना मौसम परेशानियों का कारण बन रहा है। पिछले 3 दिनों से सूर्य भगवान के दर्शन न होने के साथ रिमझिम बारिश से सड़को पर कीचड ही कीचड नजर आने लगा है।



### शीत का प्रकोप, कांप रहे निवासी

जनवरी का महिना जोरदार ठंड के लिए जाना जाता है। पिछले 3 दिनों से रिकार्ड तोड शीत का प्रकोप बना हुआ है। दिन और रात में एक समान जोरदार सर्दी पड रही है। रात में तापमान में अधिक गिरावट होने के साथ पारा 10 डिग्री के आसपास पहुंच रहा है। तीन दिन की बारिश से कृषि कार्य भी प्रभावित होने लगे है। खेतो में कीचड पानी की अधिकता से कृषि मजदूर किसान खेतो के भीतर नहीं जा पा रहे है।

### आसमान में बादलों का डेरा

पिछले 3 दिनों से कोहरे की अधिकता रूक-रूक कर बारिश और ठंड के प्रचण्ड प्रकोप से क्षैत्र के निवासी थर-थर कांप रहे है। आसमान में निरंतर बादलो का डेरा बना रहने से बारिश की संभावना बनी हुई है। शुक्रवार की सुबह लगभग 2 घंटे तक बारिश हुई। फिर दोपहर एवं शाम का अंधेरा होने तक भी रिमझिम बारिश से नगर एवं क्षैत्र भींगता रहा।

## राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल उतरे सड़कों पर

**बरेली।** नगर में जन्में, पढे बढे होकर भाजपा की राजनीति में सक्रिय नरेन्द्र शिवाजी पटैल ने पहली बार विधानसभा का चुनाव लडा और डॉ. मोहन यादव सरकार में राज्यमंत्री बने। पटेल ने नगर की सड़को पर उतर व्यापारियों, नागरिकों को अयोध्या में बने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर और 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में



पहुंचने का निमंत्रण दिया। प्रदेश के लोक स्वा. परिवार कल्याण राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने नपं. अध्यक्ष हेमन्त चौधरी, नंदकिशोर चांडक, राधेश्याम पालीवाल, नीरज बिदुआ, अंकुर जैन, अंकित जैन, राजेन्द्र धाकड़, पलाश वर्मा, रोहित चौधरी एवं अन्य भाजपा, विश्वहिन्दु परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ नगर में छोटा बाजार, बडा बाजार, सब्जी मंडी इत्यादि का भ्रमण किया। पीले अक्षत देने के साथ दुकानदारों एवं अन्य लोगों को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने का राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल ने निमंत्रण दिया आग्रह किया गया।

## आज शहीद स्मारक का लोकार्पण, प्रतिभाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

6 जनवरी 1049 को भोपाल राज्य विलीनीकरण आंदौलन के दौरान भोपाल नबावी पुलिस के लाठीचार्ज में 2 युवा शहीद हुए थे। 6 जनवरी को नगर गौरव दिवस मनाने का नपं. द्वारा निर्णय लिया गया। आज नगर गौरव दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजली बडा बाजार में बने शहीद स्मारक का लोकपर्ण एवं शहीदों के परिजनों के सम्मान के साथ नगर की प्रतिभाओं का सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नरेन्द्र शिवाजी पटैल लोक स्वा. एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। नपं. द्वारा नगर गौरव दिवस का पहली बार आयोजन किए जाने के साथ व्यापक तैयारियां की गई है।

नपं. द्वारा पहली बार नगर गौरव दिवस मनाया जा रहा है। 6 जनवरी 1949 को जहॉ बडा बाजार में 2 युवा रामप्रसाद अहिरवार एवं जुगराज सोनी पुलिस की लाठियां झेलते हुए घायल और शहीद हुए थे, वहॉ नपं. द्वारा शहीद स्मारक का भी निर्माण कराया गया है। आज शनिवार को प्रदेश के लोक स्वा. परिवार कल्याण राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल नगर गौरव दिवस समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रह कर शहीद स्मारक का लोकापर्ण करेंगे। नपं. अध्यक्ष हेमन्त चौधरी, विशेष अतिथि नपं. उपा. नेपाल सिंह राजपूत के द्वारा शहीदों के परिजनों का सम्मान मुख्य अतिथि प्रदेश के राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल का सम्मान, नगर की प्रतिभाओं का सम्मान बडा बाजार स्थित शक्ति धाम मंदिर के पास रखा गया है।

**एक शाम शहीदों के नाम :** नगर गौरव दिवस के उपलक्ष में नपं. द्वारा एक शाम शहीदों के नाम गीत संगीत का कार्यक्रम भी रात्रि में रखा गया है। सीएमओ हरिशंकर वर्मा ने नगर गौरव दिवस समारोह में सभी नगरवासियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।




## वरिष्ठजन भरण-पोषण अधिनियम लागू

**सागर।** वरिष्ठजनों के लिये भरण-पोषण अधिनियम सहायक बनकर सामने आया है। उम्र बढ़ने पर लाठी की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार यह अधिनियम लाठी बन कर उभरा है। अधिनियम का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठजनों और अभिभावकों को समर्थन प्रदान करने वाली व्यवस्था की रचना करना है, जिससे वे एक विशेष ट्रिब्यूनल (अधिकरण) के समक्ष निर्धारित 90 दिन की समय-सीमा के अंदर भरण-पोषण के अधिकार को सुलभता और शीघ्रता से प्राप्त कर सकें।

## रेत खदानों से अवैध परिवहन व खनन नहीं रुकने पर हुए कलेक्टर अरविंद दुबे सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले की तहसील बरेली तथा उदयपुरा की रेत खदानों से अवैध खनन एवं परिवहन की शिकायतें प्राप्त होने के उपरांत भी संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही नहीं किए जाने तथा पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर अरविंद दुबे ने जिला खनिज अधिकारी आरके कैथल, सहायक खनिज अधिकारी सुमित गुप्ता तथा खनिज निरीक्षक श्रीमती अर्चना ताम्रकार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

खबर का असर

उल्लेखनीय है कि रेत खदानों पर हो रहे अवैध उत्खनन एवं परिवहन को लेकर लोकप्रिय समाचार पत्र हरिभूमि ने 29 दिसंबर को खबर प्रकाशित की थी। तहसील बरेली, बाड़ी एवं उदयपुरा की रेत खदानों से अवैध खनन और परिवहन होने की प्रकाशित खबर संज्ञान में आने पर कलेक्टर ने जिला खनिज अधिकारी आरके कैथल सहित संबंधित अधिकारियों को निरंतर जांच कर अवैध खनन एवं परिवहन पर रोक लगाते हुए इस कार्य में लिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही के निर्देश दिए थे। जिस पर जिला खनिज अधिकारी द्वारा क्षेत्र में किसी भी तरह के अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन नहीं होने की जानकारी दी गई थी।

# जिला खनिज अधिकारी, सहायक खनिज अधिकारी के साथ खनिज निरीक्षक को कलेक्टर ने थमाया कारण बताओ नोटिस

**हरिभूमि की खबर का हुआ असर, कलेक्टर ने 3 अधिकारी को दिया शॉकाज नोटिस**

**खास बातें**

- पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर ने थमाया शॉकाज नोटिस
- रेत खदानों पर हो रहे अवैध उत्खनन व परिवहन को लेकर हरिभूमि ने प्रकाशित की थी खबर
- अवैध उत्खनन व परिवहन पर रोक लगाने के दिए निर्देश
- इस कार्य में लिप्त व्यक्तियों पर कार्रवाई के भी दिए निर्देश



### अवैध उत्खनन एवं परिवहन की जानकारी होने के बादजूद भी संबंधित बने रहे उदासीनता

*बरेली, बाड़ी एवं उदयपुरा की रेत खदानों से अवैध खनन और परिवहन होने की स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समाचार पत्रों से अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन की जानकारी संज्ञान में आना संबंधितों द्वारा शासकीय कर्तव्य के प्रति उदासीनता और गंभीर लापरवाही को प्रदर्शित करता है। साथ ही वरिष्ठ के आदेशों की अवहेलना की श्रेणी में होकर अनुशासनहीनता का परिचाक है। जो कि मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम का स्पष्ट उल्लंघन है।*

### इन अधिकारियों को थमाया शॉकाज नोटिश

*कलेक्टर श्री दुबे द्वारा जिला खनिज अधिकारी आरके कैथल, सहायक खनिज अधिकारी सुमित गुप्ता तथा खनिज निरीक्षक श्रीमती अर्चना ताम्रकार को पदीय दायित्वों का भलीभांति निर्वहन नहीं करने तथा लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन दिवस में उत्तर देने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित अवधि में उत्तर नहीं देने या उत्तर संतोषजनक नहीं होने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।*



रेत खदानों से जमकर किया जा रहा रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन

ठेकेदार अपनी गुंडागर्दी का खुला प्रदर्शन करते हुए क्षेत्रीय किसानों से बसूल रहा 3 हजार रुपए प्रति ट्रॉली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

रायसेन जिले की बाड़ी बरेली तहसील अंतर्गत लगभग 56 रेत खदाने आती हैं जो कि प्रदेश की राजनीति में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। विगत वर्षों से इन खदानों से जमकर अवैध रेत परिवहन उत्खनन किया गया जिसकी चर्चाएं अखबारों की सुर्खियां बनी और बात दिल्ली तक पहुंची किन्तु जब बात दिल्ली पहुंची तो राजनीति इतनी गरमाई की उदयपुरा विधानसभा से अदना व्यक्ति भी विधायक बनने की जुगत लगाने लगा।

क्योंकि यह एक ऐसी विधानसभा है जिसमें यदि विधायक मां नर्मदा के प्रकोप की चिंता ना करे तो वह रातोंरात करोड़पति बन जाए। वास्तविक में फिलहाल यही देखा जा रहा है, जो भी इस विधानसभा से निर्वाचित होता है उसकी सीधी नजर केवल रेत खदानों पर रहती है। यही कारण है इस विधानसभा से किसी भी दल का नेता दोबारा चुनाव नहीं जीतता, क्योंकि हर विधायक मां नर्मदा का सीना छलनी कर मां नर्मदा का दोहन करता है। जिनके प्रकोप के चलते वह दोबारा चुनाव में पराजित होता है। शिवराज सरकार में इन खदानों के ठेकेदार द्वारा किए जा रहे अवैध रेत उत्खनन परिवहन की खबरें भी प्रकाशित हुईं और शिकायते भी किन्तु शासन प्रशासन ने ठेकेदार पर कार्यवाही करने के बजाए पूर्ण संरक्षण दिया। ठेकेदार पूर्व की सरकार में भाजपा के मंत्री विधायकों की साठगाठ से अबैध रेत उत्खनन परिवहन करता आ रहा है। अब मोहन यादव की सरकार में सरकार के सख्त रवैये देखे गए तो क्षेत्रीय लोगों में न्याय को लेकर नई किरण जागी है।

रेत खदानों पर ठेकेदार की चल रही गुड़ांगर्दी

11.4वर्तमान में भी ठेकेदार अपनी गुंडागर्दी का खुला प्रदर्शन करते हुए किसानों से 3 हजार रुपये प्रति ट्रॉली वसूल रहा है, जिसमें ट्रेक्टर-ट्रॉली वालों को किसी प्रकार की वैध रॉयल्टी नहीं दी जाती है। यदि वाहन स्वामी ठेकेदार या इनके बदमाशों की शिकायत करते हैं तो यह माइनिंग को बुलाकर उन पर केस बनवाते हैं या ड्रायवर तथा वाहन स्वामियों को मारपीट कर उनके वाहनों को अपने पास पांच-पांच दिन खड़ा कराकर उनसे मनचाहे पैसे वसूलते हैं। इतना ही नहीं ठेकेदार ट्रेक्टर ट्रॉली बालों से 3 हजार लेने के बावजूद भी इनके वाहनों की रेत अपने नाके पर यह कहकर खाली कराता है कि ओवर माल नहीं जाने देंगे और बाद में उसी रेत को स्वयं विक्रय कर अपनी जेब गर्म करता है। जबकि एक तो ठेकेदार स्वयं अवैध रेत उत्खनन परिवहन कर रहा है ऊपर से ट्रेक्टर ट्रॉली बालों को नियमों का हवाला देकर उनकी रेत खाली करवाता है।

## दुर्घटना का रहता है अंदेशा, जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे इस ओर ध्यान

# शहर में कहीं भी पार्किंग की व्यवस्था नहीं सड़क किनारे खड़े रहते हैं लागों के वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

शहर की आबादी लगातार बढ़ती जा रही है, इसके साथ ही वाहनों की संख्या भी दोगुनी हो गई है । पहले वाहनों की तादाद बेहद कम थी, इस कारण पार्किंग की कोई दिक्कत नहीं होती थी, लेकिन अब शहर में हर कहीं वाहन खड़े नजर आते हैं, जिससे न केवल आवागमन बाधित हो रहा है, बल्कि लोगों को भी बार-बार जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इसके बाद भी पूरे शहर में कहीं भी पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। शहर में आधा दर्जन से भी अधिक स्थानों पर सार्वजनिक बैंक खुल चुकी हैं, लेकिन किसी भी बैंक द्वारा पार्किंग के लिए खुद की जगह उपलब्ध नहीं कराई गई है। वहीं लोगों ने चार पहिया वाहन तो खरीद लिए लेकिन स्वयं के पास अपना वाहन रखने की जगह नही है। ऐसी स्थिति में लोगों द्वारा सड़क पर ही अपने चार पहिया वाहनों को खड़ा कर रहे है, जिससे नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

नगर परिषद द्वारा समय समय पर मुनादी पिटवाई जाती है कि सड़क पर अपने वाहन खड़ा ना करें और दुकानदार अपना सामान अपनी ही हद में रखें। कई बार नगर परिषद प्रशासन द्वारा कई दुकानदारों और अतिक्रमणकारियों को शक्ति से निर्देश भी दिए गए, लेकिन इसके बाद भी दुकानदारों वाहन चालकों पर कोई असर होता दिखाई नहीं दे रहा है। वाहन चालक अपना वाहन सड़क पर खड़ा करके अपने काम के लिए बैंक बाजारों में चले जाते हैं और घंटो वाहन सड़क पर खड़े रहते हैं। वहीं कई दुकानदार अपना सामान दुकानों के सामने फैलाकर बैठ जाते हैं, जिसके चलते भी काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। दुकानों के सामने सड़क के दोनों ओर वाहन ही वाहन खड़े रहते हैं। चार पहिया और दो पहिया वाहनों के खड़े होने के कारण यहां रोड खासी सकरी हो जाती है और इससे ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा जाती है। बाजार के दिन इस रोड पर कई हादसे होते हैं। ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले ट्रैक्टर ट्रॉली अन्य वाहन खड़े रहते हैं।



### पैदल चलने वाले हो रहे परेशान

*शहर में पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है। यही कारण है कि चाहे बाजार हो या फिर बैंक हो या स्वयं का मकान। इन सभी जगहों पर सड़क के किनारे पर ही मजबूरन लोगों को अपने वाहन खड़े करना पड़ते हैं। सार्वजनिक संस्थानों के निर्माण एवं संचालन के लिए करोड़ों रुपए तो खर्च हो जाते हैं, लेकिन पार्किंग व्यवस्था को जरा भी तबज्जों नहीं देते हैं। इससे ट्रैफिक व्यवस्था पर भारी असर पड़ता है व पैदल चलने वालों को भारी तकलीफों का सामना करना पड़ता है।*

### पार्किंग की व्यवस्था हो

*नगरीय क्षेत्र व अंचल के गावों की आबादी लगातार बढ़ रही है। वाहनो की संख्या में भी इजाफा होता जा रहा है। लेकिन नगर में पार्किंग की व्यवस्था ना होने से वाहन चालको को परेशानी हो रही है। बीच सडक पर वाहन खड़े होने से दिन में अनेको वार जाम की स्थिति निर्मित हाती है। नगर के रिंकु श्रीवास्तव, मुकेश साहू, प्रदीप रघुवंशी, केशव प्रजापति आदि ने प्रशासन से मांग की है कि नगर में पार्किंग की व्यवस्था की जावे।*

### बाजार से हटे अतिक्रमण

*नगर के गांधी चौक, बजरग चौराहा, उदयपुरा रोड, बरेली रोड व सागर रोड पर दुकानदारों द्वारा दुकान को अपनी हद से आगे बढ़ा लिया। दुकान का सामान सड़क किनारे रख लेते हैंए जिसके चलते वाहन चालकों को वाहन क्रॉसिंग करते समय काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वहीं कई दुकानदारों द्वारा तो नालियों पर भी कब्जा कर लिया हैए जिसके चलते चार पहिया वाहन निकालने में काफी समस्या होती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर परिषद शक्ति से पहले अतिक्रमण हटाए फिर सड़क चौड़ीकरण के लिए कोई स्थाई पहल करेंए जिससे बाजार भी खूबसूरत रहे और आवागमन में नागरिकों को असुविधा का सामना ना करना पड़े।*

### सड़क पर खड़ी रहती हैं बसें

*भोपाल, सागर, बरेली, उदयपुरा, बरेली, प्रतापगढ़, शालाबरु जाने वाली बसें मुख्य मार्ग पर ही सवारियों के इंतजार में खड़ी रहती हैं, जिसके चलते वाहन चालकों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कई कई बार तो ऐसा होता है कि बस स्टैंड से बस निकलने के बाद गांधी चौक, पुराने बस स्टैंड के पास काफी समय तक खड़ी रहती हैं और सवारियों के इंतजार में बस चालक बस को बहुत धीमी गति से चलाते हैं, जिससे समस्या होती है।*

# शीत-लहर के प्रकोप से बचाने एडवायजरी जारी

## लोगों को ठंड से बचाने बताए आवश्यक उपाय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी अनुमान के अनुसार सर्दी के मौसम में प्रदेश के अधिकांश भागों में सामान्य से कम तापमान होने की संभावना है। संबंधित सभी विभागों द्वारा शीतलहर के प्रकोप को गंभीरता से लेते हुये इससे होने वाली क्षति को कम करने विभागीय एवं जिला स्तर पर सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। इस संबंध में गृह विभाग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला शीत लहर कार्य योजना तैयार की जाये। जिला, तहसील, ब्लॉक, विभाग स्तर पर शीतलहर प्रबंधन के लिए नोडल अधिकारी नामांकित किया जाए। मौसम विज्ञान द्वारा जारी शीतलहर चेतावनी को जिला कमांड और नियंत्रण केंन्द्र से लोगों तथा संबंधित विभागों तक पहुंचाने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जाये।

शीत लहर से बचाव के लिए अपनाई जाने वाली सावधानियों से संबन्धित सुझाव का प्रचार तथा बेघर लोगों को आश्रय गृहों में पहुंचाया किया जाये। बेसहारा एवं बेघर व्यक्ति सड़क /मैदान में पाये जाने पर अलाव की व्यवस्था की जाये। स्वयंसेवी संगठनों के माध्यम से कम्बलों की व्यवस्था कर उन्हें वितरित किया जाये।

### शीत-लहर के दौरान क्या करें

*जितना संभव हो, घर के अंदर रहें। ठंडी हवा से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। अपने शरीर को सुखाकर रखें। यदि कपड़े गीले हो जाएँ, तो उन्हें तुरंत बदलें। इससे शरीर की उष्मा बनी रहेगी। नियमित रूप से गर्म पेय पिएं। बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ख्याल रखें। शीतदंश के लक्षणों जैसे उंगलियों, पैर की उंगलियों, कानों की लोब और नाक की नोक पर सुन्नता, सफेदी या पीलेपन के प्रति सजग रहें। शीतदंश से प्रभावित हिस्से की मालिश न करें। इससे अधिक नुकसान हो सकता है। शीतदंश से प्रभावित शरीर के हिस्सों को गुनगुने पानी में डालें। कंपकंपी को नजरअंदाज न करें- यह एक महत्वपूर्ण अग्रिम संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है। कंपकंपी महसूस होने पर तुरंत घर लौटें।*

## जिलाध्यक्ष के मार्गदर्शन में भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिला बैठक हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शुक्रवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिला बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा के मार्गदर्शन में एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ भूपेन्द्र नागर के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में नमों एप विकसित भारत एंबेसडर, नव मतदाता सम्मेलन, मण्डल सशक्तिकरण एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई ।

उक्त बैठक में प्रदेश से प्रदेश उपाध्यक्ष रनजीत चौहान एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष जयंत राव गरुण अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में जिला महामंत्री प्रभांशु भदौरिया, रामकुमार घोषी सहित जिले कार्यकारिणी के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यक्रमों के प्रभारी उपस्थित रहे।



## चार दिन से नहीं निकली धूप, ठंड से कांप रहे लोग



**दीवानगंज।** क्षेत्र में 4 दिन से लगातार कोहरा छाया हुआ है। 50 मी तक कोहरे के कारण रात को दिखाई नहीं दे रहा है। 4 दिन से दिन में भी रात जैसी ठंड पड़ रही है। साथ ही जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। एक-दो जनवरी की रात सीजन में सबसे सर्द रही। तीन दिन में 5 डिग्री से अधिक तापमान गिरकर न्यूनतम पर पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम तापमान में 48 घंटे में छह डिग्री तक की गिरावट हो सकती है।

# नशे में अज्ञात वाहन से टकराया बाइक चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

कोल्ड डे जैसी स्थिति में नशा करके बाइक चलाना एक युवक को भारी पड़ गया। ठंड के कारण बाइक से नियंत्रण खो बैठा और एक अज्ञात वाहन से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। यह तो अच्छा रहा कि वह हेलमेट लगाए था इसलिए सिर में चोट नहीं आ पाई चेहरे हाथ पैरों में ही चोट आ पाई।

सूचना पर 108 द्वारा उसे सिविल अस्पताल लाया गया। जहां काफी मशक्कत के बाद डॉक्टर और ड्रेसर ने उसकी मलहम पट्टी की इस बीच घायल काफी उत्पात मचता रहा और अस्पताल स्टाफ को भी भला बुरा कहता रहा, लेकिन अस्पताल स्टाफ की समझाश के बाद वह पट्टी करवाने पर राजी हुआ। टाकें डलवाने और इंजेक्शन लगवाने से साफ इनकार कर दिया। डॉक्टर द्वारा काफी प्रयास किए गए लेकिन वह अफ शब्दों पर उतर आया। अस्पताल स्टाफ द्वारा परिजनों को सूचना देकर बुलाया गया है और पुलिस को भी सूचना दी गई है।

आपको बता दें कि पिपरिया गांव निवासी राजा यादव पुत्र बिहारी लाल यादव शाम करीब 6 बजे बेगमगंज से मोटरसाइकिल के द्वारा अपने गांव पिपरिया जा रहा था। वह काफी नशा किए हुए था।

जैसे ही वह लोहा मील से आगे सुल्तानगंज मार्ग पर नहर की पुलिया के पास पहुंचा ठंड के कारण वह बाइक पर से नियंत्रण खो बैठा और विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन से जा टकराया। जिससे उसके चेहरे हाथ पैरों में काफी चोट आ गई। सूचना पर 108 घटनास्थल पर पहुंची और घायल को लेकर सिविल अस्पताल ले आई ।

जहां डॉक्टर और स्टाफ द्वारा अथक प्रयासों के बाद उसका उपचार किया गया। सूचना पर पुलिस ने मामला संज्ञान में लिया है।



## रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल होने लोगों को घर घर जाकर दे रहे न्योता



**रायसेन।** अयोध्या में बन रहे भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में आगामी 22 जनवरी को रामलला की प्रतिमा की गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। जिसमें शामिल होने एवं अपने घरों पर दीप जलाकर खुशियां मनाने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा लोगों के घर घर जाकर उन्हें अक्षत एवं श्रीराम मंदिर का चित्र भेंट आमंत्रित किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को ग्राम पंचायत धनियाखेड़ी में लोगों के घर घर जाकर उन्हें अक्षत देकर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर बजरंग दल कार्यकर्ता नीलेश बैरागी, खेमचंद, उधम सिंह, शुभम, आकाश, रमेश, फूलसिंह सहित अनेकों स्वयं सेवी मौजूद रहे।

# सेवानिवृत होने पर एसडीओ जेएस ठाकुर को दी विदाई

## 7 जनवरी को नर्मदा मैया आश्रम में होगा भंडारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

बरेली एवं सिलवानी में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ रहे जेएस ठाकुर द्वारा 39 वर्ष तक शासकीय सेवा देने के बाद सेवानिवृति पर जेके पैलेस में विदाई कार्यक्रम आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। एसडीओ जेएस ठाकुर के सेवानिवृति के उपलक्ष में 7 जनवरी को नर्मदा मैया सेवा आश्रम मांगरोल में भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

जेएस ठाकुर उनके पुत्र डॉ. कृष्ण कुमार ठाकुर, इन्जीनियर विक्रम सिंह ठाकुर एवं परिजनो ने सभी धर्मप्रेमियों से 7 जनवरी 24 को नर्मदा मैया सेवा आश्रम मांगरोल पहुंच कर भंडारे में प्रसादी ग्रहण करने का आग्रह किया है।

## पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत ने की मां नर्मदा की पूजा-अर्चना

# नर्मदा घाट पर उत्साह से मनाया पूर्व मंत्री का जन्मदिन

## शीत लहर के बीच समर्थको ने फूल मालाओं से किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

पूर्व कैबीनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत का जन्मदिन पुण्य सलिला मॉ नर्मदा तट बौरास पर समर्थकों व भाजपा कार्यकर्ताओ के द्वारा उत्साह पूर्ण माहौल में मनाया गया। सिलवानी विधानसभा सहित प्रदेश के कोने कोने से पहुंचे कार्यकर्ताओ एवं समर्थकों ने पूर्व मंत्री रामपाल सिंह को स्नेह रुपी फूल मालाए पहना कर भव्य स्वागत किया।

सुबह से ही नर्मदा घाट बौरास पर भाजपा कार्यकर्ताओ एवं समर्थकों के पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ हो गया। सुबह के समय पूर्व मंत्री रामपाल सिंह ने मॉ नर्मदा की पूर्ण विधि विधान के साथ पूजा अर्चना अभिषेक, हवन किया तथा क्षेत्र की खुशहाली व देश दुनिया की समृद्धि की कामना की। यहां पर श्री सिंह ने संत महात्माओं, पुरोहितों, ब्राह्मणों एवं धर्माचारियों के साथ भगवान नर्मदेश्वर महादेव का नर्मदा जल से अभिषेक किया। तत्पश्चात श्री सिंह ने गौ माता की पूजा अर्चना की व ब्राह्मण, कन्याभोज एवं भंडारे में भोजन परोसा। श्री सिंह के जन्मदिन पर ट्यूटर और सोशल मीडिया के माध्यम से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री मोहन यादव समेत मध्य प्रदेश शासन के मंत्री, विधायक एवं पूर्व मंत्रियों ने बधाई प्रेषित की। वहीं सांसद रमाकांत भार्गव, राज्य मंत्री स्वास्थ्य विभाग नरेंद्र पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ल, गोपाल सिंह राजपूत आदि जन्म दिन कार्यक्रम में शामिल हुए तथा श्री सिंह को बधाई दी। हालांकि सुबह से ही मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा था। शीत लहर भी चल रही थी। बावजूद भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक कार्यक्रम स्थल पर पहुचें तथा सिंह को फूल मालाओ से लाद दिया तथा शुभकामनाए देकर दीर्घायु की कामना की।

ज्ञात रहे कि पूर्व मंत्री श्री सिंह बीते कई सालो से पुण्य सलिला मॉ नर्मदा तट बौरास घाट पर अपना जन्म दिन मनाते आ रहे है। आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम में हजारो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक आदि पहुंच कर श्री सिंह को जन्म दिन की शुभकामनाए देकर उनके दीर्घायु व उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

